# सचिवालय
## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सागर (म.प्र.)
### राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार

सत्यमेव जयते

संतोष सोहगौरा
सदस्य–सचिव
संयुक्त कुलसचिव एवं प्रभारी राजभाषा अधिकारी
डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

ई–मेल : tolic.sagar@dhsgsu.edu.in
दूरभाष : 07582-297118
नराकास कोड : 247
मोबाइल नं. : 9479398600


क्र.: नराकास, सागर/2025/33 दिनांक :14 अगस्त, 2025

**प्रतिष्ठा में,**

**समस्त सम्माननीय कार्यालय प्रमुख**
**सदस्य कार्यालय**
**नराकास, सागर (म.प्र.)**

**विषय : हिन्दी दिवस समारोह/हिन्दी माह/हिंदी पखवाड़ा- 2025 के आयोजन के संबंध में।**
**संदर्भ : राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार का पत्र सं. 11034/06/2025-राजभाषा (नीति), दिनांक 15 जुलाई, 2025।**

महोदय/महोदया,

जैसा कि आपको विदित है कि संविधान सभा ने 14 सितम्बर, 1949 को हिंदी को संघ की राजभाषा के रूप में अंगीकार किया था। इसी उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष 14 सिंतबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा **माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी की अध्यक्षता में 14 सितंवर, 2025 को हिंदी दिवस तथा 14 एवं 15 सितंबर, 2025 को 5वें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का सम्मिलित आयोजन महात्मा मंदिर कन्वेंशन एवं एग्जिबिशन सेंटर, गांधी नगर, गुजरात** में किया जा रहा है। इस संबंध में आपसे अनुरोध है कि कृपया अपने कार्यालय/बैंक/उपक्रम के राजभाषा से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उक्त कार्यक्रम में प्रतिभागिता सुनिश्चित करें।

पुनश्च, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार इस वर्ष सितंबर माह के दौरान अपने कार्यालय/बैंक/उपक्रम में हिंदी माह/पखवाड़ा पूरे उत्साह से मनाएं। इस दौरान राजभाषा के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अधीनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं/संगोष्ठियों/सम्मेलनों का आयोजन सुनिश्चित कराएं। यह भी सुनिश्चित कराएं कि आपके कार्यालय/बैंक/उपक्रम में हिंदी दिवस समारोह का शुभारंभ 14 सितम्बर, 2025 को महात्मा मंदिर कन्वेंशन एवं एग्जिबिशन सेंटर, गांधीनगर, गुजरात में हो और समापन आपके कार्यालय/बैंक/उपक्रम आदि में हो। आयोजन उपरांत कार्यक्रम की विस्तृत रिपोर्ट एवं छायाचित्र यथासमय नराकास, सागर सचिवालय को उपलब्ध करवाने का अनुरोध है।

सहयोग की कामना के साथ
सादर,

भवदीय,

14/08/25
**(संतोष सोहगौरा)**

**प्रतिलिपि-** सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु।

1. माननीया अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति एवं कुलपति, डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र)।
2. श्री नरेन्द्र सिंह मेहरा, उप निदेशक (कार्यान्वयन) क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (मध्य), भोपाल (म.प्र.)।
3. माननीया कुलपति जी के निज सचिव, डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)।
4. गार्ड फाइल।

**'हिंदी में पत्राचार हो, हिंदी में हर व्यवहार हो, बोलचाल में हिंदी ही अभिव्यक्ति का आधार हो।'**